# गणित

(www.tiwariacademy.com)

(अध्याय – 1) (संख्या पद्धति)

(कक्षा – 9)


## प्रश्नावली 1.4

**प्रश्न 1:**

उत्तरोत्तर आवर्धन करके संख्या रेखा पर 3.765 को देखिए।

**उत्तर 1:**

- सबसे पहले हम यह देखते हैं कि 3 और 4 के बीच 3.765 स्थित है।
- अगले चरण में हम 3.765 का 3.7 और 3.8 के बीच स्थान निर्धारण करते हैं।
- निरूपण को और अधिक परिशुद्ध रूप से देखने के लिए, हम वास्तविक रेखा के इस भाग को दस बराबर भागों में बाँट देते हैं और आवर्धन शीशे से यह देखते हैं कि 3.76 और 3.77 के बीच 3.765 स्थित है।
- 3.765 को और अधिक परिशुद्ध रूप से देखने के लिए, हम 3.76 और 3.77 के बीच भाग को पुनः दस बराबर भागों में बाँट देते हैं और 3.765 के निरूपण को देखते हैं।



## प्रश्न 2:

4 दशमलव स्थानों तक संख्या रेखा पर $4.\overline{26}$ को देखिए।

## उत्तर 2:

- सबसे पहले हम यह देखते हैं कि 4 और 5 के बीच 4.2626 स्थित है।
- अगले चरण में हम 4.2626 का 4.2 और 4.3 के बीच स्थान निर्धारण करते हैं।
- निरूपण को और अधिक परिशुद्ध रूप से देखने के लिए, हम वास्तविक रेखा के इस भाग को दस बराबर भागों में बाँट देते हैं और आवर्धन शीशे से यह देखते हैं कि 4.26 और 4.27 के बीच 4.2626 स्थित है।
- निरूपण को और अधिक परिशुद्ध रूप से देखने के लिए, हम 4.26 और 4.27 के बीच भाग को पुनः दस बराबर भागों में बाँट देते हैं और आवर्धन शीशे से यह देखते हैं कि 4.262 और 4.263 के बीच 4.2626 स्थित है।
- 4.2626 को परिशुद्ध रूप से देखने के लिए, हम 4.262 और 4.263 के बीच भाग को पुनः दस बराबर भागों में बाँट देते हैं और 4.2626 के निरूपण को देखते हैं।

